–प्रेस नोट–

जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 11.04.2024

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.04.2024 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री मानवेन्द्र सिंह भाटी मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त सोनू उर्फ प्यारे पुत्र विक्रम निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को खतौली बुढ़ाना मार्ग पर गोयला कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंया मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 52/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना नई मण्डी पुलिस व एसओजी टीम द्वारा अवैध शस्त्र सहित 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू सिंह वर्मा मय एसओजी टीम मय हमराहीगण द्वारा 04 शातिर अभियुक्तगम 1– ऋतिक उर्फ गोलू पुत्र दिनेश त्यागी निवासी साकेत थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर। 2– हर्ष त्यागी पुत्र दीपक त्यागी निवासी साकेत थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर। 3– युवराज पुत्र हरेन्द्र निवासी शाहबुद्दीनपुर रोड रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर। 4– राहुल उर्फ विहान पुत्र प्रमोद निवासी शान्ति नगर थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर को कूकड़ी पुलिया के पास जौली रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 पिस्टल .32 बोर मय 06 कारतूस .32 बोर, 01 तमंया 12 बोर मय 01 कारतूस 12 बोर, 01 तमंचा .32 बोर मय 01 कारतूस .32 बोर, 04 तमंचे 315 बोर मय 05 कारतूस 315 बोर, 01 मस्कट 12 बोर मय 01 कारतूस 12 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 134/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर लुटेरा अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–**

दिनांक 10.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश रोरिया थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा थाना खतौली पर पंजीकृत लूट के अभियोग 146/24 धारा 392 भादवि का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर लुटेरे अभियुक्त इब्रहिम पुत्र गुलजार निवासी मौहल्ला देवीदास चौक कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गंगनहर पटरी लोहे के पुल से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 11000/– रूपये, 01 सीडी डीलक्स मोटरसाईकिल यूपी 12 बीआर 0113 (घटना में प्रयुक्त), 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

➢ **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर गौकश अभियुक्त घायल/गिरफ्तार सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 10.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू सिंह वर्मा मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल/गिरफ्तार सहित 02 गौकश अभियुक्त 1– कलीम उर्फ अफजाल निवासी ग्राम बझेड़ी थाना नई मण्डी (घायल) 2– फुरकान पुत्र अब्दुल बहीब निवासी कस्बा व थाना थानाभवल, शामली को बागोवाली से बझेड़ी रास्ते पर घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, गौमांस, गौकशी के उपकरण (छुरी, दाब, रस्सी, बोरा) तथा 01 रेहड़ा बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 133/2024 धारा 307 भादवि, 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम, 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।